भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1878

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार

†1878. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

डॉ. कडियम काव्य:

श्री मुरारी लाल मीना:

डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में वारंगल और आंध्र प्रदेश में पलनाडु से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर दुर्घटनाओं का कारण बनने वाले ब्लैक स्पॉट्स का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और प्रत्येक ब्लैक स्पॉट का स्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या और उसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त ब्लैक स्पॉट के सुधार के लिए क्या सुधारात्मक उपाय स्वीकृत और शुरू किए गए है और अब तक स्वीकृत उपरिगामी पुलों, अंडरपास, इंटरचेंज अथवा अन्य सड़क सुरक्षा कार्यों की संख्या का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है तथा कितने कार्यों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, वर्तमान में कितने कार्य निर्माणाधीन हैं और उक्त क्षेत्रों में ऐसे ब्लैक स्पॉट के सुधार के लिए पहले से ही कितने कार्य पूरे कर लिए गए हैं;

(ग) देश में उक्त क्षेत्रों सहित प्रत्येक स्वीकृत परियोजना/शेष कार्यों के लिए निर्माण कार्य को पूरा करने हेतु अनुमानित लागत, स्वीकृत राशि, निष्पादन एजेंसी, की गई वास्तविक और वित्तीय प्रगति और निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और सुधार कार्य पूरा होने के बाद दुर्घटना दर में कितनी कमी आई है; और

(घ) क्या सरकार का शेष ब्लैक स्पॉट्स को समयबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए अतिरिक्त परियोजनाओं को मंजूरी देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर कुछ निरंतर खंडों को दुर्घटना संभावित स्थल (ब्लैक स्पॉट) की श्रेणी में रखा गया है, अर्थात् ऐसे स्थान जहां घातक और गंभीर रूप से घायल करने वाली दुर्घटनाओं की एक निश्चित संख्या होती है। इन खंडों की पहचान कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा विकसित एआई आधारित उपकरणों के माध्यम से वास्तविक समय के आधार पर की गई है। वर्ष

2023-2025 की अवधि के लिए इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट (ई-डीएआर) से उपलब्ध दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर, 6,358 ब्लैक स्पॉट कॉरिडोर की पहचान की गई है। राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-I में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, तेलंगाना के वारंगल और आंध्र प्रदेश के पलनाडु से गुजरने वाले दुर्घटना संभावित कॉरिडोर (ब्लैक कॉरिडोर) की सूची अनुलग्नक-II में संलग्न है।

(ख) से (घ) ब्लैक स्पॉट का सुधार एक सतत प्रक्रिया है। ब्लैक कॉरिडोर के तत्काल सुधार के लिए अल्पकालिक उपायों में सड़क चिह्नांकन, साइनबोर्ड, क्रैश बैरियर, रोड स्टड, सीमांकन, अनधिकृत मीडियन ओपनिंग को बंद करना, यातायात नियंत्रण उपाय, राजमार्ग प्रकाश व्यवस्था आदि शामिल हैं। ब्लैक कॉरिडोर के सुधार के लिए दीर्घकालिक उपाय जैसे सड़क ज्यामिति में सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का स्थानिक चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि भी कार्यस्थल की अपेक्षा के अनुसार स्थायी सुधार उपायों के रूप में किए जाते हैं। दीर्घकालिक सुधार कार्यों में निर्माण-पूर्व कार्यकलापों जैसे भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण शामिल हैं जिनमें काफी समय लगता है।

सड़क दुर्घटना के संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्यों के लिए अलग से कोई निधि आबंटित नहीं की जाती है, चाहे ये कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों के अंतर्गत किए जाएं या स्वतंत्र रूप से किए जाएं। तथापि, विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए आबंटित निधि और व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-III में संलग्न है।

अनुबंध-I

'ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार' के संबंध में श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. कडियम काव्य, श्री मुरारी लाल मीना, डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1878 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**ब्लैक स्पॉट गलियारों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	384
अरुणाचल प्रदेश	1
असम	331
बिहार	174
छत्तीसगढ़	99
दिल्ली	23
गोवा	7
गुजरात, दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	182
हरियाणा	210
हिमाचल प्रदेश	11
जम्मू और कश्मीर	73
झारखंड	74
कर्नाटक	607
केरल	386
लद्दाख	1
मध्य प्रदेश	298
महाराष्ट्र	477
मणिपुर	17
मेघालय	3
नागालैंड	4
ओडिशा	194
पुदुचेरी	3
पंजाब	31
राजस्थान	352
सिक्किम	2
तमिलनाडु	958
तेलंगाना	347
त्रिपुरा	7
उत्तर प्रदेश	671
उत्तराखंड	49
पश्चिम बंगाल	382
कुल योग	**6358**

अनुबंध-II

'ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार' के संबंध में श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. कडियम काव्य, श्री मुरारी लाल मीना, डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए लोकसभा का अतारांकित प्रश्न संख्या 1878 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्न।

ज़िला	ब्लैक स्पॉट गलियारों की संख्या
पलनाडु	7
वारंगल	19

अनुबंध-III

'ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार' के संबंध में श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू, डॉ. कडियम काव्य, श्री मुरारी लाल मीना, डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए लोकसभा का अतारांकित प्रश्न संख्या 1878 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण के लिए आबंटित निधि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2021-22**		**2022-23**		**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**		**2026-27 (30.06.2026 तक)**	
		आबंटन	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**	**आबंटन**	**व्यय**
1	आंध्र प्रदेश	5,890	5,890	6,957	6,957	11,440	11,440	11,777	11,756	12,140	12,109	3,599	2,543
2	अरुणाचल प्रदेश	2,718	2,718	3,140	3,140	2,649	2,649	3,972	3,599	3,572	3,109	558	203
3	असम	3,150	3,150	4,557	4,557	9,137	9,137	7,209	7,207	6,353	6,334	949	877
4	बिहार	9,174	9,174	9,347	9,347	10,749	10,749	8,840	8,840	9,962	9,962	3,500	3,124
5	छत्तीसगढ़	1,936	1,936	2,468	2,468	4,255	4,255	2,392	2,280	3,705	3,682	1,035	684
6	गोवा	615	615	673	673	620	620	851	651	842	703	368	267
7	गुजरात	10,710	10,710	9,831	9,831	10,900	10,900	8,262	8,091	8,741	8,706	2,735	2,339
8	हरियाणा	7,203	7,203	3,924	3,924	6,062	6,062	4,391	4,344	3,330	3,327	1,119	1,057
9	हिमाचल प्रदेश	3,164	3,164	4,534	4,534	5,175	5,175	3,998	3,994	3,832	3,818	1,511	1,109

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27 (30.06.2026 तक)	
		आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय
10	झारखंड	2,853	2,853	3,127	3,127	4,599	4,599	5,334	5,169	4,261	4,127	1,338	1,033
11	कर्नाटक	7,681	7,681	6,763	6,763	12,695	12,695	11,147	10,819	11,477	11,446	3,169	2,620
12	केरल	10,136	10,136	3,994	3,994	10,419	10,419	5,100	5,082	4,106	4,056	1,248	1,227
13	मध्य प्रदेश	9,006	9,006	6,210	6,210	7,447	7,447	7,819	7,799	10,697	10,519	2,604	2,193
14	महाराष्ट्र	18,655	18,655	18,355	18,355	19,867	19,867	18,697	18,512	20,551	20,504	5,032	4,749
15	मणिपुर	2,142	2,142	2,737	2,737	2,598	2,598	2,018	2,011	1,781	1,444	167	152
16	मेघालय	819	819	684	684	1,803	1,803	1,835	1,697	1,495	1,477	213	180
17	मिजोरम	2,054	2,054	3,218	3,218	2,189	2,189	2,114	2,091	1,508	1,507	350	327
18	नागालैंड	1,943	1,943	1,666	1,666	1,414	1,414	1,681	1,600	1,229	1,166	273	188
19	ओडिशा	4,510	4,510	4,643	4,643	5,948	5,948	6,121	5,786	5,982	5,862	1,484	1,097
20	पंजाब	7,179	7,179	10,093	10,093	12,419	12,419	8,137	7,898	7,367	7,291	1,358	1,239
21	राजस्थान	11,353	11,353	9,719	9,719	8,874	8,874	6,330	6,301	4,955	4,890	1,421	1,166
22	सिक्किम	811	811	1,008	1,008	684	684	473	441	453	427	112	62

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27 (30.06.2026 तक)	
		आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय
23	तमिलनाडु	4,305	4,305	8,230	8,230	9,925	9,925	9,077	9,068	8,514	8,393	2,149	1,951
24	तेलंगाना	3,458	3,458	3,622	3,622	6,117	6,117	7,564	7,496	7,030	6,765	1,510	1,208
25	त्रिपुरा	1,085	1,085	1,156	1,156	1,546	1,546	778	767	771	771	119	117
26	उत्तर प्रदेश	13,944	13,944	21,453	21,453	28,114	28,114	20,682	20,665	25,041	24,640	7,009	5,702
27	उत्तराखंड	2,112	2,112	3,219	3,219	4,545	4,545	3,996	3,835	3,751	3,716	917	774
28	पश्चिम बंगाल	3,642	3,642	3,053	3,053	3,543	3,543	2,241	2,240	4,874	4,807	562	336
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	246	246	143	143	96	96	204	204	211	211	48	48
30	चंडीगढ़	6	6	1	1	0	0	0	0	1	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली	30	30	26	26	2	2	100	46	180	136	80	0
32	दमन और दीव												
33	दिल्ली / मुख्यालय	3,961	3,961	7,164	7,164	3,223	3,223	2,840	2,840	1,170	1,170	256	248
34	जम्मू और कश्मीर	6,817	6,817	7,370	7,370	10,528	10,528	10,331	10,204	8,083	7,999	1,846	1,484

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27 (30.06.2026 तक)	
		आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय	आबंटन	व्यय
35	लद्दाख	352	352	574	574	658	658	794	768	338	333	70	20
36	पुदुचेरी	1	1	61	61	35	35	29	23	9	2	18	0

आबंटन - आबंटन; व्यय - व्यय

*****